कार्यालय–जिला कार्यक्रम अधिकारी, समेकित बाल विकास परियोजना, जनपद–अयोध्या

पत्रांक : C-1988 /जि0का0अ0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2023–24 दिनांक 15 मार्च 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद अयोध्या के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रियॉ के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का विवरण
1	2	3	4
1	पूराबाजार	ग्रामीण	19
2.	मयाबाजार	ग्रामीण	09
3.	मसौधा	ग्रामीण	14
4.	बीकापुर	ग्रामीण	10
5.	तारून	ग्रामीण	05
6.	हैरिग्टनगंज	ग्रामीण	10
7.	मिल्कीपुर	ग्रामीण	16
8.	अमानीगंज	ग्रामीण	21
9.	रूदौली	ग्रामीण	11
10	मवई	ग्रामीण	10
11.	सेहावल	ग्रामीण	30
12.	शहर	शहरी	01
कुल योग–			156

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवदेन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदों (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलबध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाईन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें।
6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05.04.2024 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी।

Scanned with CamScanner

7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तुत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

15/3/2024
(अजय कुमार त्रिपाठी)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
अयोध्या।

पृष्ठांकन संख्या एंव दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय अयोध्या।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय अयोध्या।
4. समस्त, उप जिलाधिकारी अयोध्या।
5. उप निदेशक सूचना/जिला सूचना अधिकारी अयोध्या को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति एक स्थानीय समाचार पत्र एंव एक प्रदेश स्तरीय दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 16.03.2024 के अंक में शासकीय दर पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें तथा बिल प्रमाणित कर इस कार्यालय को भुगतानार्थ प्रस्तुत कराने का कष्ट करें।
6. कार्यालय जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी के सूचना बोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद अयोध्या।
8. जिला पंचायतराज अधिकारी अयोध्या।
9. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद अयोध्या को इस निर्देश के साथ कि अपनी–अपनी परियोजना से सम्बन्धित रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रो का ग्राम पंचायतवार,आरक्षण विवरण सहित सूची उप जिलाधिकारी,खण्ड विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित अपने कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें तथा साक्ष्य इस कार्यालय को दिनांक 16.03.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक उपलब्ध करायें।
10. कार्यालय प्रति।

15/3/2024
जिला कार्यक्रम अधिकारी
अयोध्या।

Scanned with CamScanner